Johnson & Johnson

तत्काल रिलीज के लिए

प्रेस संपर्क:

अर्नी न्यूविट्ज़
(732) 524-6623
(917) 697-2318 (मो)

निवेशक संपर्क:

क्रिस्टोफर डेलओरेफिस
(732) 524-2955

मैथ्यू स्टकले
(732) 524-2617

JOHNSON & JOHNSON CONSUMER INC. अमेरिका में JOHNSON'S BABY POWDER के मात्र एक लॉट को स्वेच्छा से वापस लेने के लिए

कंपनी पूर्ण ऐहतियात की दृष्टि से कार्यवाही कर रही है

यह वापसी 2018 में अमेरिका में निर्मित और शिप की गई बोतलों के एक लॉट तक सीमित है

न्यू ब्रुन्सविक, एनजे, 18 अक्टूबर 2019 – पूर्ण ऐहतियात को ध्यान में रखते हुए, Johnson & Johnson Consumer Inc. (JJCI) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी खाद्य और औषधि प्रशासन (एफडीए) की एक जाँच, जिसमें एक ऑनलाइन रिटेलर से खरीदी गई मात्र एक बोतल से लिए गए नमूनों में क्राइसोलाइट एस्बेस्टस संदूषण के सब-ट्रेस स्तरों (0.00002% से अधिक नहीं) की मौजूदगी का संकेत मिला है, के जवाब में अमेरिका में अपने Johnson's Baby Powder के मात्र एक लॉट की स्वैच्छिक वापसी आरंभ कर रही है। निम्न स्तरों को रिपोर्ट करने के बावजूद और एफडीए के साथ पूर्ण सहयोग और सहकार्यता के साथ, JJCI, Johnson's Baby Powder के लॉट संख्या 22318RB की यह स्वैच्छिक वापसी आरंभ कर रही है, जिससे जाँचा गया नमूना लिया गया था।

इसके साथ ही, JJCI ने इस मामले में एक कड़ी, व्यापक जाँच-पड़ताल तत्काल आरंभ की है, और जाँचे गए नमूने की शुद्धता, और जाँच के परिणामों की वैधता निर्धारित करने के लिए एफडीए के साथ काम कर रही है। जाँच-पड़ताल के इस आरंभिक चरण में, JJCI:

- यह पुष्टि नहीं कर सकती है कि नमूने के अनजाने में हुए संदूषण के कारण गलत परिणाम आया है।
- यह पुष्टि नहीं कर सकती है कि नमूना किसी अखण्ड सील वाली बोतल से लिया गया था या नमूने को किसी नियंत्रित वातावरण में तैयार किया गया था।
- यह पुष्टि नहीं कर सकती है कि जाँचा गया उत्पाद असली है या नकली।

JJCI ने अपने कॉस्मेटिक टॉल्क का सुरक्षित होना सुनिश्चित करने के लिए कड़ा जाँच मानक स्थापित किया है और पूर्व काल में एफडीए की अपनी जाँच सहित वर्षों की–और अभी हाल में ही पिछले महीने–की गई जाँच में कोई एस्बेस्टस नहीं मिला है। पिछले 40 वर्षों में की गई हजारों जाँचों ने बार-बार पुष्टि की है कि हमारे उपभोक्ता टॉल्क उत्पादों में एस्बेस्टस नहीं है। हमारा टॉल्क ऐसे अयस्क स्रोतों से आता है जिनके हमारे उद्योग के मानकों से भी अधिक कड़े विनिर्देशों को पूरा करने की पुष्टि की गई है। न केवल हम और हमारे आपूर्तिकर्ता यह सुनिश्चित करने के लिए नियमित जाँच करते हैं कि हमारे टॉल्क में एस्बेस्टस नहीं है, बल्कि हमारे टॉल्क के एस्बेस्टस से रहित होने की अनेकों स्वतंत्र प्रयोगशालाओं, विश्वविद्यालयों और वैश्विक स्वास्थ्य प्राधिकारियों द्वारा भी जाँच और पुष्टि की गई है।

133 वर्षों से, Johnson & Johnson Family of Companies उन लोगों की जरूरतों और कल्याण

को प्रधानता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनकी हम सेवा करते हैं, और हम ऐसा ही आगे भी करते रहेंगे।

यदि आप या आपके किसी प्रियजन के पास Johnson's Baby Powder लॉट संख्या 22318RB की बोतल है, तो आपको उत्पाद का उपयोग बंद करने की सलाह दी जाती है। धनवापसी की जानकारी के लिए, Johnson & Johnson Consumer Care Center से www.johnsonsbaby.com पर या +1 (866) 565-2229 पर कॉल करके संपर्क करें।

दूरंदेशी वक्तव्यों के संबंध में निवेशकों के लिए टिप्पणी:

यह प्रेस विज्ञप्ति Johnson's Baby Powder के एक लॉट की स्वैच्छिक वापसी के संबंध में "दूरंदेशी वक्तव्यों" से युक्त है जैसा कि 1995 के प्राइवेट सिक्योरिटीज़ लिटिगेशन रिफॉर्म अधिनियम में परिभाषित है। पाठक को इन दूरंदेशी वक्तव्यों पर भरोसा न करने के लिए सावधान किया जाता है। इस प्रेस विज्ञप्ति में दिए गए दूरंदेशी वक्तव्य भविष्य की घटनाओं के वर्तमान अपेक्षाओं पर आधारित हैं। यदि अंतर्निहित धारणाएं गलत सिद्ध हो जाती हैं अथवा ज्ञात या अज्ञात जोखिम या अनिश्चितताएं यथार्थ में बदल जाती हैं, तो वास्तविक परिणाम Johnson & Johnson Consumer Inc. और/या Johnson & Johnson की अपेक्षाओं और अनुमानों से भौतिक रूप से भिन्न हो सकते हैं। जोखिमों और अनिश्चितताओं में शामिल हैं, लेकिन इन तक ही सीमित नहीं है: उत्पाद की कारगरता या सुरक्षा की चिंताएं जिनके परिणामस्वरूप उत्पाद वापस लिए जा सकते हैं या विनियामक कार्रवाई हो सकती है; उत्पाद की जिम्मेदारी के दावों सहित, उल्लेखनीय प्रतिकूल मुकदमा या सरकारी कार्रवाई; नए और मौजूदा उत्पादों की व्यावसायिक सफलता की अनिश्चितता; कंपनी की रणनीतिक योजनाओं को सफलतापूर्वक निष्पादित करने की क्षमता; आंतरिक रूप से या आपूर्ति शृंखला के भीतर विनिर्माण संबंधी कठिनाइयाँ या विलम्ब; लागू कानूनों और विनियमों में परिवर्तन; स्वास्थ्य परिचर्या उत्पादों और सेवाओं को खरीदने वालों के व्यवहार और खर्च करने के तरीकों में परिवर्तन; और सरकारी एजेंसियों द्वारा स्वास्थ्य परिचर्या उद्योग की संवीक्षा में वृद्धि। इन जोखिमों, अनिश्चितताओं और अन्य कारकों की एक और सूची तथा विवरण 30 दिसंबर 2018 को समाप्त हुए आर्थिक वर्ष के लिए Johnson & Johnson की वार्षिक रिपोर्ट में फॉर्म 10-के पर पाए जा सकते हैं, जिनमें "दूरंदेशी वक्तव्यों के बारे में सावधान करने वाली टिप्पणी" और "आइटम 1ए. जोखिम कारक" शीर्षक वाले खंड शामिल हैं जिन्हें कंपनी की सबसे हाल में फाइल की गई त्रैमासिक रिपोर्ट में फॉर्म 10-क्यू पर और उसके बाद कंपनी द्वारा सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को फाइल की गई जानकारियों में प्रकाशित किया गया है। इन रिपोर्टों की प्रतियाँ www.sec.gov, www.jnj.com पर ऑनलाइन या Johnson & Johnson से अनुरोध पर उपलब्ध हैं। इस विज्ञप्ति में किया गया कोई भी दूरंदेशी वक्तव्य केवल इस विज्ञप्ति की तारीख की स्थिति को बयान करता है। न तो Johnson & Johnson Consumer Inc. और न ही Johnson & Johnson नई जानकारी या भविष्य की घटनाओं या परिवर्तनों के फलस्वरूप किसी भी दूरंदेशी वक्तव्य को अपडेट करने की जिम्मेदारी लेता है। कंपनी इस प्रेस विज्ञप्ति की किसी भी या सारी विषय-वस्तु के आधार पर की गई या न की गई कार्रवाई के संबंध में किसी भी दायित्व का स्पष्ट रूप से अस्वीकरण करती है।